कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन-शाखा), मध्य प्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल

दूरभाष एवं फैक्स नं0 0755-2674354 E-mail: apccfproduction@gmail.com

क्रमांक/निर्वर्तन/1270 भोपाल, दिनांक: 05/04/2013

प्रति,

समस्त वन मंडलाधिकारी
(उत्पादन), क्षेत्रीय-उत्पादन कार्य)
(म.प्र.)

विषय:- काष्ठ क्रय करने वाले ठेकेदारों को स्वीकृति आदेश की कोडिंग के सम्बन्ध में ।

संदर्भ:- इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/निर्वर्तन/993 दिनांक 19.03.2013

*****

उत्पादन कार्यों में E-Auction हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है । इसके लिये काष्ठ क्रय करने वाले क्रेताओं को क्रय की गई काष्ठ की मात्रा के आधार पर क्रय मूल्य तथा कर इत्यादि राशि जमा करने हेतु उनको बिक्री किये गये लाटों के लिये स्वीकृति आदेश वन मंडलाधिकारी निकालते हैं । इन स्वीकृति आदेशों में नीलामी से क्रय की गई काष्ठ के लिये प्रत्येक सफल बोली वाले क्रेता को कौन कौन से लॉट उन्हें स्वीकृत किये गये हैं, उनका क्रय मूल्य तथा कर इत्यादि का विवरण देते हुये तथा क्रेता द्वारा ई.एम.डी. के रूप में जमा की गई राशि को कम करते हुय शेष राशि जमा करने के निर्देश रहते है, जिसके जमा कर दिये जाने के पश्चात Work order डिपो अधिकारी के लिये, काष्ठ का परिदान देने के लिये, वन मंडलाधिकारी जारी करते है । इन स्वीकृति आदेशों के क्रमांक व दिनांक के आधार पर क्रेता राशि वन मंडल में जमा करता है । अक्सर यह राशि वन मंडलाधिकारी के नाम डी.डी. के रूप में प्राप्त होती है । परन्तु वर्तमान में ऑनलाईन भुगतान प्रदेश के लिये स्वीकृत कलेक्शन खाते में प्राप्त करने के लिये जमाकर्ता यदि RTGS/Internet/Core Banking से राशि जमा करता है तो उसे स्वीकृति आदेश के क्रमांक व दिनांक जिसके विरूद्ध वह राशि जमा किया जाना है का उल्लेख आवश्यक है । स्वीकृति आदेश सामान्यत: वन मंडल के आदेशों के बढ़ते क्रमांक में रहता है ।

पूरे प्रदेश में स्वीकृति आदेशों के क्रमांकों में एकरूपता लाने से इनके विरूद्ध जमा राशियों को पहचानने में Website पर सुविधा रहेगी । इस हेतु निम्न व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है:-

(1) स्वीकृति आदेश 7 अंकों का होगा.

(2) प्रथम दो अंक डिपों कोड के रहेंगे. (अनुसूची संलग्न है)

(3) अगले दो अंक संबंधित डिपों के नीलाम क्रमांक का होगा.

(4) अगले तीन अंक आदेशों का सीरियल क्रमांक होगा.

उपरोक्त व्यवस्था से Website पर वन मंडल में जमा की गई राशि किस स्वीकृति आदेश के विरूद्ध प्राप्त हुई है, आसानी से देखा जा सकेगा । इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि, किसी भी वानिकी वर्ष के दौरान नीलाम क्रमांक का क्रम अक्टूबर माह से प्रारंभ किये जायेगा तथा सितम्बर तक क्रमानुसार तय किया जायेगा ।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
म0प्र0, भोपाल

पृ.क्रमांक/निर्वर्तन/1271 भोपाल, दिनांक 17/04/2013

प्रतिलिपि: समस्त मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
म0प्र0, भोपाल

अनुसूची-1

म.प्र. के नीलाम डिपो का विवरण

अनु क्र.	वन मंडल का नाम	डिपों का नाम	डिपो का प्रकार	डिपो कोड
1	हरदा (उत्पा.)	टिमरनी	काष्ठ डिपो	01
2		खिरकिया	काष्ठ डिपो	02
3		ढ़ेकना	काष्ठ डिपो	03
4	होशंगाबाद (सा.)	ताकू	काष्ठ डिपो	04
5		सोहागपुर	काष्ठ डिपो	05
6	इन्दौर (सा.)	रालामंडल	काष्ठ डिपो	06
7	खंडवा (उत्पा.)	खंडवा	काष्ठ डिपो	07
8		आशापुर	काष्ठ डिपो	08
9		सनावद	काष्ठ डिपो	09
10		नर्मदा नगर		10
11	देवास (उत्पा.)	चन्द्रकेशर	काष्ठ डिपो	11
12	बैतूल उत्पादन	भौंरा	काष्ठ डिपो	12
13		बैतूल	काष्ठ डिपो	13
14	सीहोर (उत्पा.)	सीहोर	काष्ठ डिपो	14
15		बुधनी	काष्ठ डिपो	15
16	रायसेन (उत्पा.)	गैरततपुर	काष्ठ डिपो	16
17	विदिशा	गंजवासौदा	काष्ठ डिपो	17
18		कालापाठा	काष्ठ डिपो	18
19	दक्षिण सागर	सिरोंजा	काष्ठ डिपो	19
20	दमोह (सा.)	तेन्दुखेड़ा	काष्ठ डिपो	20
21	पश्चिम बालाघाट	गर्रा	काष्ठ डिपो	21
22	उत्तर बालाघाट	बैहर	काष्ठ डिपो	22
23	दक्षिण बालाघाट	लांजी	काष्ठ डिपो	23
24	पश्चिम छिंदवाड़ा	आमला	काष्ठ डिपो	24
25		हर्रई	काष्ठ डिपो	25
26	मंडला	कालपी	काष्ठ डिपो	26
27		मंडला	काष्ठ डिपो	27
28		सिझोरा	काष्ठ डिपो	28
29	डिन्डोरी (उत्पा.)	गाडासरई	काष्ठ डिपो	29
30		करंजिया	काष्ठ डिपो	30
31	जबलपुर	गोसलपुर	काष्ठ डिपो	31
32	उ. सिवनी (उत्पा.)	धूमा	काष्ठ डिपो	32
33	द.सिवनी (उत्पा.)	सिवनी	काष्ठ डिपो	33
34	नरसिंहपुर (सा.)	मुंगवानी	काष्ठ डिपो	34
35	उ. शहडोल (सा.)	ब्यौहारी	काष्ठ डिपो	35
36	द. शहडोल (सा.)	नरसरहा	काष्ठ डिपो	36
37	उमारिया	उमरिया	काष्ठ डिपो	37
38	सिंगरोली (सा.)	बरगला	काष्ठ डिपो	38
39	सीधी	जमौड़ी	काष्ठ डिपो	39
40	छतरपुर	छतरपुर	काष्ठ डिपो	40
41	टीकमगढ	ओरछा	काष्ठ डिपो	41
42	दक्षिण पन्ना	पन्ना	काष्ठ डिपो	42